# हरिभूमि
# कोरिया भूमि

बिलासपुर, बुधवार 25 मार्च 2026

[ बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर ]


तापमान

अधिकतम 32 डिग्री

न्यूनतम 21 डिग्री


4 भारत स्काउट्स एवं गाइड्स की 40 सदस्यीय टीम पंचमढ़ी के लिए रवाना





## खबर संक्षेप

### मौसम का बदला मिजाज दिनभर छाए रहे बादल

**सोनहत।** वनांचल क्षेत्र में 24 मार्च को मौसम का मिजाज बदला हुआ नजर आया। सुबह से ही आसमान में बादलों की आवाजाही बनी रही, वहीं दोपहर बाद हल्की धूप के बीच बादलों का जमाव बढ़ने से शाम तक मौसम बारिश जैसा बना रहा। दिन के दौरान बीच-बीच में तेज धूप निकलने से गर्मी और ठंड का असर देखने को मिला। हालांकि हल्की गर्मी से राहत मिलने के कारण आमजन अपने दैनिक कार्यों में जुटे रहे। स्थानीय किसानों के अनुसार मौसम के इस बदलाव का असर फसलों पर पड़ने की संभावना है। विशेष रूप से महुआ और आम की फसल प्रभावित हो सकती है, जबकि गेहूं की फसल के लिए यह मौसम कुछ हद तक लाभकारी माना जा रहा है। लगातार बदलते मौसम के कारण क्षेत्र के वनांचल इलाकों में मौसमी वायरल बीमारियों का असर भी दिखाई देने लगा है, इससे लोगों को सतर्क रहने की जरूरत है।

### जिला पंचायत की सामान्य सभा 30 को

**बैकुण्ठपुर।** जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने जानकारी दी है कि जिला पंचायत की सामान्य सभा की 30 मार्च को दोपहर 2 बजे जिला पंचायत के सभाकक्ष में आहूत की गई है। उन्होंने जिला पंचायत अध्यक्ष मोहित राम पैकरा, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती वंदना राजवाड़े, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती सौभाग्यवती सिंह कुसरो, श्रीमती संगीता सोनवानी, राजेश कुमार, श्रीमती गीता राजवाड़े, सुरेश सिंह, श्रीमती शिवकुमारी, श्रीमती सुषमा कोराम, श्रीमती स्नेहलता उदय गोंड़ और जनपद पंचायत बैकुंठपुर एवं सोनहत के अध्यक्ष एवं संबंधित अधिकारियों को निर्धारित तिथि एवं समय पर उपस्थित होने का आग्रह किया है।

### जनदर्शन में कलेक्टर ने सुनी समस्याएं



**बैकुण्ठपुर।** जनदर्शन कार्यक्रम में मंगलवार को कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने आम नागरिकों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और उनके शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए। इस दौरान दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों से आए लोगों ने अपनी विभिन्न समस्याएं प्रशासन के समक्ष रखीं। जनदर्शन में प्राप्त आवेदनों में प्रमुख रूप से जमीन सीमांकन, प्रधानमंत्री आवास योजना की किश्त संबंधी जानकारी, वनाधिकार पट्टा, राशन कार्ड, मुआवजा, नक्शा दुरुस्ती एवं सीमांकन विवाद से जुड़े मामले शामिल रहे। कलेक्टर ने सभी आवेदनों को संबंधित विभागीय अधिकारियों को प्रेषित करते हुए निर्देशित किया कि आमजन की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र समाधान सुनिश्चित किया जाए ताकि लोगों को त्वरित राहत मिल सके।

### कम ऊंचाई पर लगे हैं बिजली के फ्यूज बाक्स, लापरवाही पड़ सकती है भारी

# मौत को निमंत्रण दे रहे खुले फ्यूज बॉक्स





हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

शहर में बिजली के खुले फ्यूज बॉक्स संभावित दुर्घटनाओं को आमंत्रण दे रहे हैं, लेकिन इस ओर विद्युत वितरण कंपनी ध्यान नहीं दे रहा है।

जानकारी के अनुसार शहर के मुख्य मार्ग किनारे कालिका टावर के निकट स्थित बिजली का फ्यूज बॉक्स काफी कम ऊंचाई पर लगी हुई है और उसके बॉक्स पूरी तरह से खुले है, इनमें से बिजली के तारों का मकड़जाल उलझा हुआ है। मुख्य मार्ग किनारे होने के कारण कई लोगों का आना-जाना रहता है, कई लोग वाहन की सवारी के लिए सड़क किनारे वाहन का इंतजार करते हैं, जिनके साथ बच्चे भी रहते हैं। ऐसे में कही अनजाने में कोई बच्चा खेलते हुए बिजली के खुले फ्यूज बॉक्स के पास चला जाता है और तारों के संपर्क में आ जाता है तो बड़ी दुर्घटना घटित हो सकती है, ऐसे में संभावित खतरे वाली उक्त जगह पर खुले बिजली के फ्यूज बॉक्स के ढक्कन को सुरक्षित बंद करने की जरूरत है, ताकि कोई बच्चा या कोई पशु अनजाने में बिजली के खुले फ्यूज बॉक्स के संपर्क में आकर कभी दुर्घटना का शिकार न हो सके। जानकारी के अनुसार शहर में ऐसे कई स्थान हैं, जहां बिजली के फ्यूज बॉक्स लगे हुए हैं, इनमें ढक्कन भी लगी हुई है, लेकिन लापरवाही पूर्वक जानबूझकर फ्यूज बॉक्स के ढक्कन को दुर्घटना को आमंत्रण देने के लिए खोल दिया गया है। सुरक्षा की दृष्टि से शहर के विभिन्न जगहों पर लगाए गए बिजली के फ्यूज बॉक्स को सुरक्षित बंद रखने की जरूरत है अन्यथा ऐसी जगहों पर कभी भी संभावित दुर्घटना घटित हो सकती है।

### यहां भी खुला है मौत का ढक्कन

विद्युत वितरण कंपनी की लापरवाही के कारण शहर के कई जगहों पर बिजली के फ्यूज बॉक्स मौत को आमंत्रण देने के लिए खुला पड़े हैं। इस तरह की लापवाही से कभी भी बड़ी दुर्घटना घटित हो सकती है। ऐसा ही हाल शहर के मुख्य मार्ग किनारे लोनिवि कार्यालय के निकट बिजली का फ्यूज बॉक्स का ढक्कन पूरी तरह से खोल दिया गया है। फ्यूज बॉक्स की ऊंचाई जमीन से काफी कम है, जहां पर जानवरों एवं बच्चों के पहुंच आसानी से हैं, ऐसे में इसी तरह की लापरवाही रहती है तो भविष्य में किसी जानवर व बच्चों के लिए बड़े खतरे का कारण बन सकता है।

# तीन प्रवेश परीक्षाओं में एक साथ सफल हुए प्रारूप

### पांचवीं के छात्र ने विद्यालय और क्षेत्र का बढ़ाया मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर



- केंद्रीय विद्यालय का है छात्र

शहर के गढेलपारा व केन्द्रीय विद्यालय बैकुंठपुर में अध्ययनरत कक्षा पांचवीं के छात्र प्रारूप सिंह पिता प्रवीन सिंह ने एक साथ तीन प्रवेश परीक्षा में उल्लेखनीय सफलता हासिल कर विद्यालय एवं क्षेत्र का मान बढ़ाया। मिली जानकारी के अनुसार गढेलपारा बैकुंठपुर निवासी प्रवीण सिंह भारतीय सेना के कोर ऑफ सिग्नल में सूबेदार पद पर कार्यरत रहे और स्वैच्छिक सेवानिृत्ति पश्चात बच्चों एवं युवाओं को सेना में जाने के लिए मार्गदर्शन प्रदान करते हैं। प्रवीण सिंह के पुत्र प्रारूप सिंह ने सत्र 2026-27 के एकेडेमिक सेशन के लिए राष्टीय मिलिट्री स्कूल प्रवेश परीक्षा उत्तीर्ण करने के साथ ऑल इंडिया सैनिक स्कूल इंट्रेंस एक्जाम के साथ नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा भी एक साथ उत्तीर्ण कर अपनी प्रतिभा प्रदर्शित कर विद्यालय व क्षेत्र का गौरव बढ़ावा। प्रारूप ने उक्त सभी प्रवेश परीक्षा में सफलता प्रथम प्रयास में ही प्राप्त किया। विदित हो कि प्रारूप सिंह ने राष्टीय स्तर पर आयोजित होने वाली कठिन परीक्षाओं में एक मिलिट्री स्कूल तथा सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा दोनों को पहले ही प्रयास में उत्तीर्ण किया।

#### छात्र ने हासिल किए उल्लेखनीय स्थान

मिली जानकारी के अनुसार प्रारूप सिंह ने मिलिट्री स्कूल प्रवेश परीक्षा में 150 अंकों में 126 अंक प्राप्त कर जनरल केटेगरी में 275 वां रैंक प्राप्त किया। साथ ही सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा में डिफेंस केटेगरी में 4 था तथा जनरल केटेगरी में छग में 16 वॉ रैंक हासिल किया, इसके अलावा प्रारूप सिंह ने जवाहर नवोदय चयन परीक्षा में 95 प्रतिशत अंक हासिल कर जिले में शीर्ष स्थान पर रहे।

#### वायुसेना पायलट बनने की चाह

होनहार छात्र प्रारूप सिंह अपने सैनिक पिता के पद चिन्हों पर चलने की चाह रखते हुए भविष्य में वायुसेना में पायलट करने का लक्ष्य रखा है। प्रारूप ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, गुरूजन एवं परिजन के आशीर्वाद एवं मार्गदर्शन को दिया।

# शराब पीकर वाहन चलाना पड़ा महंगा युवक पर साढ़े 15 हजार का जुर्माना

- 15,500 का कटा जुर्माना

**मनेन्द्रगढ़।** पुलिस महानिरीक्षक सरगुजा दीपक कुमार झा और पुलिस अधीक्षक एमसीबी श्रीमती रत्ना सिंह के निर्देश पर जिले में यातायात नियमों के पालन को लेकर सघन अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाना और आम नागरिकों में यातायात के प्रति जागरूकता बढ़ाना है।

इसी अभियान के तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र नायक एवं नगर पुलिस अधीक्षक दीपिका मिंज के मार्गदर्शन में पुलिस चौकी नागपुर प्रभारी सहायक उपनिरीक्षक शेषनारायण सिंह द्वारा लगातार सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। चेकिंग के दौरान पुलिस ने एक वाहन चालक को संदिग्ध अवस्था में रोका। जांच में पाया गया कि चालक शराब के नशे में वाहन चला रहा था, इसके साथ ही वह बिना वैध ड्राइविंग लाइसेंस के वाहन चला रहा था और तीन सवारी बैठाकर यातायात नियमों का उल्लंघन कर रहा था। पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए आरोपी वाहन चालक प्रिंस लकड़ा पिता वीरन लकड़ा निवासी महाराजपुर केविरूद्ध मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 185 नशे में वाहन चलाना, 3/181 बिना लाइसेंस वाहन चलाना एवं 128/177 अधिक सवारी के तहत मामला दर्ज किया। इसके बाद आरोपी को न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। मामले की सुनवाई करते हुए न्यायालय ने आरोपी के कृत्य को गंभीर मानते हुए उस पर 15,500 रूपए का आर्थिक दंड लगाया। इस कार्रवाई से क्षेत्र में वाहन चालकों के बीच सख्त संदेश गया है कि नियमों की अनदेखी अब भारी पड़ सकती है। पुलिस द्वारा केवल कार्रवाई ही नहीं बल्कि लोगों को जागरूक करने के लिए भी लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। हेलमेट पहनने, सीट बेल्ट लगाने, शराब पीकर वाहन ना चलाने और वैध दस्तावेज रखने के लिए आमजन को प्रेरित किया जा रहा है।

इस संबंध में पुलिस अधीक्षक श्रीमती रत्ना सिंह ने अपील की है कि यातायात नियमों का पालन करना हर नागरिक की जिम्मेदारी है। छोटी सी लापरवाही बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकती है। सुरक्षित रहे और दूसरों को भी सुरक्षित रखें। उन्होंने स्पष्ट किया है कि भविष्य में भी इस तरह की कार्रवाई लगातार जारी रहेगी और नियम तोड़ने वालों के खिलाफ सख्त कदम उठाए जाएंगे।

### विश्व जल दिवस पर जल संरक्षण की शपथ

**बैकुण्ठपुर।** विश्व जल दिवस के अवसर पर जल और लैंगिक समानता थीम के तहत विकासखंड सोनहत के ग्राम कुशमहा में जल महोत्सव पखवाड़ा का समापन किया गया। इस अवसर पर जल अर्पण कार्यक्रम के माध्यम से ग्रामीणों को जल संरक्षण की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में कार्यपालन अभियंता मनोज ठाकुर ने जल के महत्व पर प्रकाश डाला।


# फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में समृद्धि ने लहराया परचम

**मनेन्द्रगढ़।** शहर के एफसीआई गोदाम के पीछे निवासरत अभिनव अग्रवाल एवं श्रीमती ऋतु अग्रवाल की पुत्री समृद्धि अग्रवाल ने फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त कर अपने परिवार और विद्यालय का नाम रोशन किया है।



समृद्धि शहर के प्रतिष्ठित बचपन प्ले स्कूल की छात्रा है और शुरू से ही प्रतिभाशाली एवं रचनात्मक गतिविधियों में रुचि रखती है। हाल ही में विद्यालय परिसर में विभिन्न सांस्कृतिक एवं रचनात्मक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इसमें फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता प्रमुख आकर्षण रही। इस प्रतियोगिता में समृद्धि ने आकर्षक वेशभूषा और आत्मविश्वासपूर्ण प्रस्तुति से निर्णायकों का ध्यानाकर्षित किया। उसके प्रदर्शन को सभी ने सराहा और उसे द्वितीय स्थान से सम्मानित किया गया, इसके अलावा समृद्धि ने अन्य प्रतियोगिताओं में भी भाग लेकर अपनी बहुमुखी प्रतिभा का परिचय दिया। विद्यालय प्रबंधन एवं शिक्षकों ने उसकी मेहनत और लगन की प्रशंसा करते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है। यह उपलब्धि न केवल समृद्धि के लिए, बल्कि पूरे परिवार और शहर के लिए गर्व का विषय है।

# खड़ी गाड़ी से बैटरी चोरी



**सोनहत।** मुख्यालय स्थित बस स्टैंड क्षेत्र में 23 मार्च की दरमियानी रात एक खड़ी वाहन से बैटरी चोरी होने का मामला सामने आया है।

जानकारी के अनुसार घर के सामने खड़ी माजदा वाहन से अज्ञात चोर बैटरी निकालकर ले गए। सुबह घटना की जानकारी मिलने पर वाहन मालिक एवं स्थानीय लोगों ने आसपास के संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ शुरू की। व्यक्तिगत स्तर पर की गई पतासाजी के बाद दोपहर तक मामला सुलझ गया। बताया जा रहा है कि संबंधित लोगों ने बैटरी को घुघरा गांव में गिरा होना बताते हुए वापस कर दिया। इस तरह स्थानीय स्तर पर हो रही चोरी की घटना का तत्काल पटाक्षेप हो गया। चोरी का शिकार वाहन स्थानीय व्यापारी दानिश खान का बताया जा रहा है। घटना के बाद क्षेत्र में सुरक्षा को लेकर चर्चा का माहौल बना हुआ है।

### आंबा सहायिका के लिए आवेदन 7 अप्रैल तक

**बैकुण्ठपुर।** एकीकृत बाल विकास सेवा परियोजना बैकुंठपुर से मिली जानकारी के अनुसार जिले के 12 आंगनबाड़ी केन्द्रों के लिए आंगनबाड़ी सहायिका के पदों के लिए आवेदन आमंत्रित किया जा रहा है। आंगनबाड़ी केन्द्र महलपारा, पनिकापारा, करजी अ, आंजोखुर्द, शंकरपुर, बारबंध, कटकोना, पोटेडांड़, छिन्दिया, जामझरिया, स्कूलपारा एवं फरिकापानी के लिए आंगनबाड़ी सहायिका के पदों के भर्ती के लिए 7 अप्रैल तक कार्यालयीन दिवस व समय में आवेदन पत्र मंगाए गए हैं। उक्त पद के लिए 18 वर्ष से कम व 44 वर्ष से अधिक नहीं होना चाहिए। स्थानीय निवासी को प्राथमिकता दी जाएगी।






### दूरस्थ अंचल में पहुंचकर जानी समस्याएं

# पगडंडी से विकास की राह-कलेक्टर ने सुनी ग्रामीणों की आवाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

- साधुगड़ा के शीतल तुर्रा जल से लिया प्रकृति का स्पर्श





कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने एक बार फिर यह साबित किया कि प्रशासन जब जमीनी स्तर पर पहुंचता है, तो समाधान की राह आसान हो जाती है।

दूरस्थ गांवों के लगातार दौरे के क्रम में वे विगत दिनों सोनहत विकासखंड के ग्राम आनंदपुर पहुंची और ग्रामीणों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं जानी। कलेक्टर ने स्कूल और आंगनबाड़ी केन्द्र का निरीक्षण करते हुए व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने राशन, पढ़ाई की स्तर, आंगनबाड़ी में बच्चों की उपस्थिति, गर्भवती महिलाओं को कोरिया मोदक लड्डू वितरण के बारे में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने ग्रामीणों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि खुलकर बताइए, हर समस्या का यथा संभव समाधान होगा। उनके इस आश्वासन से ग्रामीणों ने बिना झिझक अपनी समस्याएं रखीं, जिनमें नेटवर्क की कमी, पेयजल संकट, सोलर पंप की आवश्यकता और सीसी रोड निर्माण प्रमुख रहे। कलेक्टर ने तत्काल जनपद पंचायत सीईओ को प्राक्कलन तैयार करने के निर्देश दिए और ग्रामीणों को बताया कि जल्द ही बीएसएनएल नेटवर्क की सुविधा भी उपलब्ध होगी, जिससे संचार की समस्या दूर होगी। दौरे के दौरान कलेक्टर हसदेव नदी के चिन्हांकित उद्गम स्थल ग्राम मेण्ड्राकला भी पहुंची, इसके बाद वे जिले के दूरस्थ ग्राम आनंदपुर से ⏭ शेष पेज 4 पर

## खबर संक्षेप



### विज्ञान प्रगतिरत समाज की आधारशिला है : संजय गुप्ता

**अम्बिकापुर।** विज्ञान संसार पत्रिका के 15वें अंक का विमोचन संयुक्त संचालक शिक्षा संजय गुप्ता द्वारा किया गया। इस अवसर पर शिक्षा एवं विज्ञान से जुड़े अनेक व्यक्ति उपस्थित रहे। पत्रिका का मुख्य उद्देश्य विद्यालयों के बच्चों और युवाओं में वैज्ञानिक सोच का विकास करना तथा विज्ञान के प्रति जागरूकता उत्पन्न करना है। प्रत्येक तीन माह में प्रकाशित होने वाली यह पत्रिका निरंतर नियमित रूप से प्रकाशित हो रही है। विमोचन अवसर पर संजय गुप्ता ने अपने उद्बोधन में विद्यालयों की प्रगति के आधार के रूप में विज्ञान की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने वाला व्यक्ति ही समाज के लिए वास्तव में उपयोगी सिद्ध होता है। नकारात्मक व्यक्ति खुद के साथ साथ समाज को भी पतन की और ले जाता है। इस दौरान डॉ. अंचल कुमार सिन्हा, संस्कृति श्रीवास्तव उपस्थित थीं।

### कुंवरपुर नहर में मिला शव, कोरबा निवासी के रूप में हुई पहचान



लखनपुर। कुंवरपुर नहर में रविवार की शाम 7.30 बजे अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। वही स्थानीय लोगों द्वारा लखनपुर पुलिस को सूचना दी गई है। पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू की। सोमवार की सुबह फॉरेंसिक टीम के साथ पुलिस अधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे और ग्रामीणों के मदद से नहर से शव को बाहर निकलवाया। मृतक की पहचान नटवरलाल अग्रवाल आ. स्व. प्रहलाद अग्रवाल (46 वर्ष) तिलकेजा थाना उरगा जिला कोरबा निवासी के रूप में हुई। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है। वहीं कमल नारायण अग्रवाल आ. स्व. प्रहलाद राय अग्रवाल की रिपोर्ट पर पुलिस मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि मृतक 15 दिन पूर्व ठेकेदारी के काम को लेकर अंबिकापुर तरफ आया हुआ था। पुलिस ने मृतक के चप्पल स्कूटी सहित अन्य सामान को जब्त कर जांच शुरू की है।

## तीन दिवसीय सरगुजा ओलंपिक का समापन

# खिलाड़ी लगन के साथ करें कड़ी मेहनत, जरूर मिलेगी सफलता

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

**खास बात**
- अतिथियों ने विजेता खिलाड़ियों को कियासम्मानित

सरगुजा ओलम्पिक का शानदार समापन सोमवार को पीजी कॉलेज ग्राउण्ड में भारतीय फुटबाल टीम के पूर्व कप्तान, पद्मश्री एवं अर्जुन अवार्ड से सम्मानित श्री बाइचुंग भूटिया, कृषि मंत्री रामविचार नेताम, पर्यटन मंत्री राजेश अग्रवाल के आतिथ्य में किया गया। इस अवसर पर श्री भूटिया ने कहा कि मैं आज सिक्किम से आप सभी खिलाड़ियों में जोश की भावना सिंचित करने आया हूं। मैं यह संदेश देना चाहता हूं कि आप लगन के साथ कड़ी मेहनत करें, सफलता जरूर मिलेगी। खुशी है कि छत्तीसगढ़ शासन खेलों को विशेष प्राथमिकता दे रहा है। इसका असर हमें जरूर दिखेगा और छत्तीसगढ़ के युवा खेलों में देश का नाम रोशन करेंगे।

उन्होंने कहा कि मैं भी ट्राइबल हूँ और सिक्किम के छोटे से गाँव का हूं। वहाँ से निकलकर मुझे भारत के लिए खेलने का मौका मिला है। यह महत्व नहीं रखता कि आप कहां से हैं आपकी प्रतिभा और मेहनत आपको आगे लेकर जाती है। मुझे भरोसा है कि आने वाले समय मे छत्तीसगढ़ से भी बहुत से खिलाड़ी ओलम्पिक मेडल लेकर आएंगे और देश का नाम रोशन करेंगे। कृषि मंत्री रामविचार नेताम ने कहा कि किसी काम को पूरा करने में अगर पूरी जुनून, लगन और अनुशासन हो, तो निश्चित ही आपको सफलता मिलेगी। आज छत्तीसगढ़ के हर कोने से खिलाड़ी निकलकर आ रहे हैं। आपको जो प्लेटफार्म मिला है, इसका भरपूर उपयोग करें और आगे आएं। हमें गर्व है कि सरगुजा अंचल में ऐसे प्रतिभाशाली खिलाड़ी हैं, जो राष्ट्रीय मंच पर अपना जलवा बिखेर चुके हैं। निश्चित ही आने वाले समय में भी इन खेलों के माध्यम से प्रदेश के खिलाड़ी भी देश के लिए मेडल जीतकर लाएंगे। पर्यटन मंत्री राजेश अग्रवाल ने कहा कि सरगुजा सम्भाग के खिलाडियों के लिए सौभाग्य की बात है कि उन्हें अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित करने का अवसर पूरे आयोजन में मिला है। सरगुजा ओलम्पिक में 12 विधाओं में प्रतियोगिताएं हुईं हैं, हमारा प्रयास रहेगा कि आगामी आयोजन में सरगुजा जिले के अन्य पारंपरिक खेलों को भी इसमें शामिल किया जाए। उन्होंने कहा कि 26 मार्च से खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स का शुरुआत होगा जिसमें रायपुर सहित बस्तर एवं सरगुजा में भी खेल आयोजित होंगे।

खेल एवं युवा कल्याण विभाग की संचालक श्रीमती तनुजा सलाम ने भी समारोह को संबोधित किया। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती निरूपा सिंह, महापौर श्रीमती मंजूषा भगत, सभापति हरमिंदर सिंह टिन्नी, जिपं उपाध्यक्ष देवनारायण यादव, सरगुजा सम्भागायुक्त नरेन्द्र कुमार दुग्गा, कलेक्टर अजीत वसंत, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजेश अग्रवाल, जिला पंचायत सीईओ विनय अग्रवाल, सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी, खिलाड़ी एवं कोच उपस्थित थे।



विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित करते अतिथि।



## पर्यटन मंत्री ने रामगढ़ नवरात्रि पर्व की तैयारियों का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ डांड़गांव

- श्रद्धालुओं एवं व्यापारियों से समस्याओं के संबंध में की चर्चा

पर्यटन मंत्री एवं क्षेत्रीय विधायक राजेश अग्रवाल ने रविवार को नवरात्रि के अवसर पर रामगढ़ पर्यटन स्थल का निरीक्षण किया एंव नव रात्रि के तैयारियों का जायजा लिया। मेला स्थल पर आए श्रद्धालुओं एंव व्यापारियो से समस्याओं के संबंध में चर्चा की।

रामगढ़ निरीक्षण में पहुंचे मंत्र राजेश अग्रवाल से व्यापारियो ने शिकायत करते हुए बताया कि रामगढ़ समिति के नाम पर मेला स्थल पर दूर दराज क्षेत्र आने वाले छोटे दुकानदारों से दुकान लगाने के नाम पर 1 हजार से 1 हजार 500 सौ रुपये वसूली की जाती है। जिस पर मंत्री ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल अवैध रूप से ली गई राशि को अधिकारियों को वापस दिलाने का निर्देश दिए। उन्होंने ने चेतावनी दी कि अगर इस प्रकार की शिकायत पुनः पाई गई तो सम्बंधित समिति को भंग करने की कार्रवाई की जाएगी। वही अधिकारियों को भी स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि किसी श्रद्धालुओं एवं व्यापारियों को मेला एवं मंदिर दर्शन में कोई दिक्कत न आए इसका ध्यान रखें। वही मंत्री ने भंडारा शेड निर्माण, सीढ़ियों की मरमम्त एवं रेलिंग निर्माण कार्य तत्काल गुणवत्तापूर्ण कराने के निर्देश दिए।

गौरतलब है कि ऐतिहासिक एवं पुरातत्विक पर्यटन दृष्टि कोंड से रामगढ़ का पूरे देश में विशेष महत्व है जहां कवि काली दास ने मेघ दूत महाकाव्य की रचना रामगढ़ में की थी। भगवान रामचंद्र ने वनवास के समय कुछ दिनों तक यहां रुके थे। जिसका प्रमाण आज भी उपलब्ध है। जिस कारण साल के चैत्र मास के सतमी, अष्टमी, नवमीं को विशेष रूप से रामगढ़ का दर्शन के लिए हजारों की संख्या में श्रद्धालु पूरे प्रदेश से आते हैं। साथ ही 360 से भी अधिक सीढ़ियों का चढ़ाई चढ़ कर पहाड़ पर स्थिति मंदिर में राम, सीता का दर्शन कर अपनी मनोकामना पूर्ण करने की मांग करते हैं। रामगढ़ मेला में शासन, प्रशासन की टीम एक सप्ताह से पूरी तरह मुस्तेद रहती है ताकि किसी भी श्रद्धालुओं को कोई दिक्कत न हो। इसके अलावा पूरे साल भर श्रद्धालुओं का दर्शन के लिए रामगढ़ आना जाना लगा रहता है। मंत्री राजेश अग्रवाल की पहल से अयोध्या के तर्ज पर सीताबेंगरा के पास करोड़ो रूपये का भव्य मंदिर राम का बनवाया जा रहा है।

### मंत्री के परिजन द्वारा किया जाता है भंडारा

पर्यटन मंत्री राजेश अग्रवाल के परिजन द्वारा पहाड़ी के ऊपर तीन दिनों तक विशाल भंडारे का आयोजन किया जाता रहा है। जहां हजारों श्रद्धालुओं द्वारा भंडारे में प्रसाद ग्रहण करने पहुंचते है। इसके अलावा अन्य समाजसेवी लोगों द्वारा भी लंबे समय से भंडारे का आयोजन करते आ रहे हैं।

## संगठन को मजबूती दिलाने लटोरी में ब्लॉक कांग्रेस की बैठक

**बिश्रामपुर।** कांग्रेस को जमीनी स्तर पर सशक्त बनाने की रणनीति के तहत रविवार को ग्राम पंचायत भवन लटोरी में लटोरी ब्लॉक कांग्रेस की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक कांग्रेस जिलाध्यक्ष शशि सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई, जिसमें ब्लॉक प्रभारी सुनील सारथी व इम्तियाज जफर प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

बैठक की शुरुआत राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर की गई। इस अवसर पर पूर्व विधायक पारसनाथ राजवाड़े, जिला उपाध्यक्ष नरेंद्र जैन, पिछड़ा वर्ग कांग्रेस के नवीन जायसवाल, रामचंद्र यादव एवं संयुक्त जिला महामंत्री वेदप्रकाश मिश्रा सहित अनेक पदाधिकारी मौजूद रहे।बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष शशि सिंह ने कहा कि कांग्रेस की नीतियां सदैव गरीब, किसान, मजदूर और आम जनता के हितों को केंद्र में रखकर बनाई जाती हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि वर्तमान भाजपा सरकार जनहित के मुद्दों से भटक चुकी है और महंगाई, बेरोजगारी व किसानों की समस्याओं पर गंभीर नहीं है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में कानून व्यवस्था की स्थिति कमजोर हुई है और आम जनता खुद को असुरक्षित महसूस कर रही है। पूर्व विधायक पारसनाथ राजवाड़े ने भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ में विकास कार्यों की रफ्तार थम गई है। ग्रामीण क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं की कमी है, जबकि युवाओं को रोजगार के अवसर नहीं मिल पा रहे हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे कांग्रेस की जनकल्याणकारी योजनाओं और विचारधारा को घर-घर तक पहुंचाएं। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता ही पार्टी की रीढ़ होते हैं और उनकी मेहनत से ही आगामी चुनाव में सुरजपुर जिले की तीनों विधानसभा सीटों पर कांग्रेस की जीत सुनिश्चित की जा सकती है। इस दौरान कार्यकर्ताओं से सुझाव भी आमंत्रित किए गए। बैठक का संचालन जिला महामंत्री रोहन राजवाड़े ने किया, जबकि आभार प्रदर्शन ब्लॉक अध्यक्ष कंवल बिहारी सिंह टेकाम ने किया। बैठक में लिली राजवाड़े, जरीना सुल्ताना, बबिता गुप्ता सहित रूपनारायण राजवाड़े, नीरज सिंह, रामनारायण सिंह, राजकुमार गोयल, अर्जुन देवांगन, दुष्यंत तिवारी, अयोध्या जायसवाल, अरविंद सिंह, दिनेश राजवाड़े, जुगेंद्र सिंह, रतन माली, हीरालाल कुशवाहा, रमेश सिंह, सुंदर देवांगन, विकास जायसवाल, बुधराम राजवाड़े,सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



### खुरहा चपका टीकाकरण महाअभियान प्रारंभ

**वाड्रफनगर।** पशुधन को खुरहा चपका जैसे गंभीर संक्रामक बीमारी से बचाने के लिए जिला प्रशासन एवं पशुधन विकास विभाग द्वारा खुरहा चपका टीकाकरण अभियान 15 से 30 अप्रैल तक जिले भर में संचालित किया जायेगा। इस अभियान का उद्देश्य पशुपालकों के पशुओं को खतरनाक संक्रमण से सुरक्षित रखना है। विभाग ने पशुपालकों से अपने पशुओं को समय पर टीकाकरण कराने का अह्वान किया है। खण्ड पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ.देवेन्द्र यादव के नेतृत्व में दल गठित कर सघन टीकाकरण कार्य कराया जाएगा।



### पिकअप की टक्कर से बाइक सवार की गई जान

**अम्बिकापुर।** पत्नी को बाइक से उतार पेट्रोल भरवाने जा रहे बाइक सवार को विपरीत दिशा से आ रहे पिकअप के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी। दुर्घटना में गंभीर हुए बाइक सवार की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार ग्राम रामनगर निवासी मुनेश्वर राम आ. बालक राम (33 वर्ष) 22 मार्च को पत्नी अनिता के साथ अपने ससुराल ग्राम गीधा बहरी गया था। शाम को वापस आते समय जैसे ही पेट्रोल पंप के समीप पत्नी को बाइक से उतार बाइक में पेट्रोल भरवाने सड़क पार करने लगा तभी विपरीत दिशा से आ रहे पिकअप के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए बाइक सवार को टक्कर मार दी जिससे बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना को देख आसपास मौजूद लोगों ने घायल को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत युवक को मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

## सरगुजा बचाओ संघर्ष समिति बैनर तले लोगों ने किया ननि कार्यालय का घेराव

### चार सूत्रीय मांगों को लेकर ननि आयुक्त को सौंपा ज्ञापन

**अम्बिकापुर।** सरगुजा बचाओं संघर्ष समिति के बैनर तले आज बड़ी संख्या में लोगों ने नगर निगम कार्यालय को घेराव किया। समिति के सदस्य सहित लोगों ने प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत एएचपी के तहत सुभाष नगर में बने 493 आवासों के आवंटन में अनियमितता का आरोप लगाया तथा आवंटन को निरस्त करने सहित चार सूत्रीय मांगों को लेकर ननि आयुक्त को ज्ञापन सौंपा।

सौंपे गए ज्ञापन में बताया गया है कि नगर पालिका निगम द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के एएचपी पटक मोर मकान-मोर चिन्हारी अंतर्गत 493 आवास का निर्माण किया गया है। इस आवासों का उद्देश्य अंचल के गरीब एवं मूल निवासी हितग्राहियों को लाभान्वित करना था किन्तु नगर निगम द्वारा नियमों की अवहेलना करते हुए बाहरी राज्यों के लोगों से आवेदन प्राप्त कर उन्हें लाभान्वित किया जा रहा है। पांचवी अनुसूची क्षेत्र में बाहरी राज्य के व्यक्तियों को मूलनिवासी मानकर बसाना संविधान की भावना के विपरीत है। बावजूद इसके गलत तरीके से बाहरी राज्य के आदिवासी व्यक्तियों को बसाया जाना गंभीर चिंता का विषय है। संगठन द्वारा इस विषय में निरंतर आवेदन प्रस्तुत किए जाने के बावजूद कोई ठोस कार्यवाही नहीं की गई। 7 जनवरी को निगम प्रशासन द्वारा बिना किसी पूर्व सूचना एवं प्रचार-प्रसार के निर्माणाधीन स्थल पर कथित रूप से लॉटरी पद्धति से 67 हितग्राहियों को आवास आवंटित किया गया। लेकिन उस दिन किसी प्रकार की पारदर्शी लॉटरी प्रक्रिया नहीं अपनाई गई। सरगुजा बचाओं संघर्ष समिति की मांग है कि 7 जनवरी को 67 हितग्राहियों को दिए गए आवास आबंटन को तत्काल निरस्त किया जाए, पूरे प्रकरण की निष्पक्ष, पारदर्शी एवं उच्च स्तरीय जांच कराई जाए तथा जांच में दोषी पाए जाने वाले अधिकारी-कर्मचारियों के विरुद्ध विधिसम्मत कार्रवाई की जाए, योजना का पुनः व्यापक प्रचार-प्रसार कर वास्तविक हितग्राहियों से आवेदन आमंत्रित किया जाए तथा केवल पांचवी अनुसूची क्षेत्र के मूलनिवासी हितग्राहियों को पारदर्शी लॉटरी प्रक्रिया के माध्यम से आवास आबंटित किया जाए। यदि मांगों पर शीघ्र सकारात्मक कार्रवाई नहीं की जाती है, तो उग्र आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे। नगर निगम कार्यालय घेराव के दौरान बड़ी संख्या में लोग मौजूर रहे। किसी प्रकार की घटना न हो इसे लिए बड़ी संख्या में पुलिस बल मौके पर तैनात रहे।



## पंडो जनजाति के 2 वर्षीय मासूम को मिला नया जीवन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- चना खाते समय खांसी आने के बाद अचेत हो गया था बालक

बलरामपुर जिले के दूरस्थ क्षेत्र से पंडो जनजाति के 2 वर्षीय बालक को गंभीर अवस्था में समय पर रेफरल एवं विशेषज्ञ उपचार मिलने से उसे नया जीवन मिला है। चना खाते समय बच्चे को अचानक खाँसी एवं उल्टी आई तथा वह अचेत हो गया तथा उस की स्थिति गंभीर हो गई। बलरामपुर जिला चिकित्सालय में प्राथमिक उपचार के पश्चात उसे तत्काल शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय अंबिकापुर रेफर किया गया।

अम्बिकापुर पहुंचते ही एनेस्थीसिया विभाग द्वारा तत्काल एयरवे मैनेजमेंट किया गया और बालक को वेंटिलेटर सपोर्ट पर रखा गया। सिविल सर्जन डॉ.जेके रेलवानी ने नाक, कान, गला विभाग को विशेष निगरानी हेतु निर्देशित किया। प्राध्यापक डॉ.शैलेन्द्र व सहायक प्राध्यापक डॉ.उषा आर्मो एवं एनेस्थिशिया के विभागाध्यक्ष डॉ.राकेश निगम विभागाध्यक्ष की संयुक्त टीम द्वारा जीवन रक्षा वेन्टीलेटरी उपचार प्रदान किया गया। डॉ.केआर टेकाम एवं डॉ.सुमन ने बालक को गहन चिकित्सा पद्धति में रखकर चिकित्सकीय सेवा प्रदान की। मरीज की बेहोशी व गंभीर स्थिति में रेडियोलॉजिस्ट डा.सुयश ने सीटी स्कैन में फेफड़े को सामान्य बताया जिससे उपचार की दिशा स्पष्ट हुई। लगातार तीन दिनों के गहन उपचार के पश्चात बालक की स्थिति में सुधार आया और उसे वेंटिलेटर से हटाया गया। पांचवें दिन बालक को पूर्णतः स्वस्थ अवस्था में डिस्चार्ज कर दिया गया। डॉ.शैलेन्द्र गुप्ता ने बताया कि जनजातीय क्षेत्रों में समय पर रेफरल अत्यंत महत्वपूर्ण है विशेषज्ञ चिकित्सा एवं टीमवर्क से गंभीरतम स्थितियों में भी जीवन बचाया जा सकता है 5 वर्ष से कम आयु के बच्चों को चना, मूंगफली, साबुत दाल, अंगूर, टॉफी या अन्य छोटे दानेदार खाद्य पदार्थ देते समय विशेष सावधानी आवश्यक है, क्योकि ऐसे पदार्थ आसानी से श्वास नली में फंस सकते हैं और अचानक दम घुटने जैसी स्थिति निर्मित हो सकती है। बच्चों को हमेशा बैठाकर शांत अवस्था में तथा निगरानी में ही भोजन कराना चाहिए। खेलते, दौड़ते या रोते समय भोजन देने से भोजन गलत दिशा में जा सकता है और जोखिम कई गुना बढ़ सकता है। छोटे बच्चों को कठोर खाद्य पदार्थ सीधे नहीं देना चाहिए, बल्कि इन्हें पीसकर या सुरक्षित रूप में ही देना चाहिए। बच्चा अचानक तेज खांसी करने लगे, सांस लेने में कठिनाई हो, आवाज न निकले या चेहरा या होंट नीले पड़ने लगे, तो इसे तत्काल चिकित्सा आपात स्थिति समझना चाहिए। ऐसी स्थिति में तुरंत प्राथमिक सहायता के रूप में पीठ पर हल्की थपकी देकर अवरोध हटाने का प्रयास करें और बिना किसी विलंब के नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र या अस्पताल लेकर जाएं। उल्लेखनीय है कि मेडिकल कॉलेज अस्पताल अंबिकापुर में प्रतिवर्ष 5 वर्ष से कम आयु के 10 से अधिक बच्चे गले या श्वास नली में सिक्का, चना, सीटी, मूंगफली, दाल या सीताफल के बीज फंसने जैसी समस्याओं के साथ आते हैं जिनका नाक, कान, गला विभाग द्वारा निःशुल्क एवं सफल उपचार किया जाता है।



## संभागीय सर्व ब्राह्मण समाज के महिला समिति की हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

संभागीय सर्व ब्राह्मण संभाग के महिला इकाई की बैठक रविवार को संभागीय अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक श्रीमती रजनी रविशंकर त्रिपाठी की अध्यक्षता में राम मंदिर भजनाश्रम में हुई। बैठक में सर्वसम्मति से सभी पदाधिकारियों को विभिन्न जिलों में संगठन के विस्तार सहित अन्य कार्यों की जिम्मेदारी सौंपी गई।

बैठक के प्रारंभ में सभी सदस्यों ने मां महामाया की सस्वर आरती की तथा सभी ने एक-दूसरे का परिचय प्राप्त किया। सदस्यों ने वर्तमान परिस्थितियों में संगठन के विस्तार को आवश्यक बता रणनीति बनाई। इस दौरान सर्वसम्मति से समिति की उपाध्यक्ष श्रीमती देवकी त्रिपाठी को सरगुजा, जशपुर एवं बलरामपुर तथा श्रीमती ज्योति द्विवेदी को सूरजपुर, कोरिया एवं मनेन्द्रगढ़ जिले में संगठन विस्तार की जिम्मेदारी सौंपी गई। इसी तरह सचिव श्रीमती नीलम शर्मा को बलरामपुर, सूरजपुर, श्रीमती ममता तिवारी को सरगुजा, मनेन्द्रगढ़, श्रीमती शशिकला तिवारी को सूरजपुर, कोरिया, सह सचिव श्रीमती अल्पना मिश्रा को कोरिया, सूरजपुर, श्रीमती प्रियंका चौबे को जशपुर, बलरामपुर, श्रीमती वीणा दुबे एवं स्मिता तिवारी को सरगुजा एवं मनेन्द्रगढ़ में संगठन विस्तार की जिम्मेदारी सौंपी गई। बैठक में पदाधिकारियों ने सर्वसम्मित से अर्चना दीक्षित को मीडिया प्रभारी का दायित्व सौंपा। इस दौरान हर सप्ताह शहर के अलग-अलग वार्डों में रामायण, हनुमान चालीसा, शिवमंत्र जप आयोजित करने एवं अधिक से अधिक समाज की महिलाओं से संपर्क कर संगठन से जोड़ने एवं निकट भविष्य में पुरोहितों को सम्मानित करने का निर्णय लिया। इस दौरान समाज के संभागाध्यक्ष आईबी तिवारी, आचार्य दिनेश मिश्रा, वीरेन्द्र त्रिपाठी, नरेन्द राज दुबे, विवेक तिवारी आदि उपस्थित थे।



### ईंट लोड ट्रैक्टर से टकराई बाइक, सवार की मौत

**लखनपुर।** नेशनल हाईवे 130 नवापारा के समीप ईंट लोड ट्रैक्टर से बाइक सवार टकरा गया। बाइक की टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक सवार मौके पर ही अचेत हो गया। घायल को लखनपुर अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार चरणदास आ. लड्डू दास शादी के बाद पत्नी के साथ घर जमाई के रूप में लगभग 6 वर्ष से ग्राम जजगा में रह रहा था। 22 मार्च की रात अपने ससुर को लेने बाइक से मंदिर गया हुआ था वहीं ससुर के व्यस्त होने के कारण नवापारा की तरफ घूमने चला गया।

## सिलफिली -लटोरी मार्ग स्थित पुलिया से टकराकर बाइक सवार युवक की मौत, तीन अन्य युवक गंभीर रूप से घायल

**बिश्रामपुर।** ग्राम सिलफिली गोंडपारा स्थित मधुवन के पास बीती रात पुलिया से टकराकर एक बाइक सवार युवक की मौत हो गई है जबकि तीन अन्य युवकों को गंभीर चोट आई है।

जानकारी के अनुसार देर रात एक ही बाइक में चारों युवक सवार होकर घर को लौट रहे थे तभी यह हादसा हुआ। जयनगर पुलिस ने बताया कि ग्राम कनकपुर निवासी 17 वर्षीय हीरासाय पिता हरि प्रसाद अगरिया रविवार को बिश्रामपुर में मजदूरी कार्य करके अपने पड़ोसी बड़कू के साथ वापस घर लौट आया था। यहां पर युवक पुनः अपनी बाइक क्रमांक सीजी 15 एडी 0744 में घर से निकला था जो रात को वापस घर नहीं लौटा। सोमवार की सुबह पड़ोसी बड़कू ने युवक के पिता को सूचना दिया कि हीरासाय अगरिया सिलफिली-लटोरी मुख्य मार्ग पर मधुवन के समीप पुलिया के पास मृत पड़ा हुआ है। सूचना पर परिजन ने पुलिस को सूचना देते हुए मौके पर पहुंचे यहां पर शव का पंचनामा व पीएम होने उपरांत शव को परिजन के सुपुर्द कर मामले में मर्ग कायम किया गया एवं विवेचना शुरू कर दी गई है। पुलिस ने बताया मृतक के परिजन के अनुसार युवक पड़ोसी व अन्य तीन साथियों के साथ लटोरी गया था जहां से पड़ोसी बड़कू तो घर लौट आया लेकिन चारों युवक वहीं रुक गए थे। इसके पश्चात देर रात चारों युवक एक ही बाइक पर सवार होकर घर लौट रहे थे तभी दुर्घटना के शिकार हो गए। पुलिस ने बताया कि दुर्घटना में बाइक सवार हीरा साय की मौके पर ही मौत हो गई जबकि अन्य सवार युवक करन, सुनील व एक अन्य युवक को गंभीर चोट आने पर जिला अस्पताल सूरजपुर में भर्ती कराया गया है।





# नवाजुद्दीन ने शुरू की तुम्बाड 2 की शूटिंग, सोहम के साथ आए नजर

**मुंबई।** सोमवार को नवाजुद्दीन सिद्दीकी, निर्माता और अभिनेता सोहम शाह को मुंबई के मड आइलैंड में देखा गया। इस दौरान अपने फिल्म क्रू के साथ दिखाई दिए। सोहम शाह, नवाजुद्दीन सिद्दीकी से बातचीत करते थे। यह दोनों फिल्म तुम्बाड 2 की शूटिंग शुरू कर चुके हैं। बता दें कि 2018 में रिलीज हुई हॉरर, थ्रिलर फिल्म तुम्बाड़ का यह सीक्वल है नवाजुद्दीन के किरदार की जहां तक बात है तो उनके किरदार का नाम पांडुरंग होगा। इसमें नवाज के किरदार में कई परतें होंगी। कहानी को लेकर भी मेकर्स का कहना है कि यह पिछली फिल्म से ज्यादा डरावनी होगी। 'तुम्बाड' की बात करें तो साल 2018 में रिलीज हुई इस डार्क फैंटेसी-हॉरर फिल्म में लालच के दुष्परिणामों को दिखाया गया था।

लाइफ Style

# सान्या

## सुंदर पूनम की पहली झलक आई सामने



सान्या मल्होत्रा अभिनीत फिल्म 'सुंदर पूनम' का फर्स्ट लुक सामने आ चुका है। एक्ट्रेस का लुक इस फिल्म में काफी रहस्यमयी दिख रहा है। यूजर्स को लगता है कि फिल्म 'सुंदर पूनम'एक असल मर्डर से प्रेरित है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

फिल्म 'सुंदर पूनम' के फर्स्ट लुक में सान्या मल्होत्रा दुल्हन के जोड़े में नजर आईं। फर्स्ट लुक देखकर लगता है कि वह कोई आम दुल्हन नहीं है, उनके किरदार में कई परतें हैं। फर्स्ट लुक से लगता है कि फिल्म 'सुंदर पूनम'अपने स्टोरी से दर्शकों को चौंका देगी, इसमें थ्रिलर, सस्पेंस की डोज मिलेगी। सुंदर पूनम के फर्स्ट लुक में सान्या मल्होत्रा दुल्हन बन है, उसका फोन लगातार बज रहा है। जिसमें सुंदर और राजू नाम के नंबर से फोन आ रहा है। आखिर में दुल्हन मुस्कुराती है। पीछे से एक खबर सुनाई देती है कि एक शादी-शुदा जोड़ा कश्मीर में गायब हो गया।

इस फिल्म में एक नया शादी-शुदा जोड़ा कश्मीर हनीमून पर जाता है। हनीमून के दौरान यह जोड़ा अचानक लापता हो जाता है। इसके साथ ही दुल्हन पूनम से जुड़ा एक रोंगटे खड़े कर देने वाला सच सामने आता है। इसमें उसकी जुनून भरी प्रेम कहानी है और उलझा हुआ अतीत है, जो दर्शकों को चौंकाने के लिए काफी है। फिल्म 'सुंदर पूनम' में सान्या मल्होत्रा के अलावा आदित्य रावल और विक्रम मल्होत्रा भी नजर आएंगे। फिल्म को पुलकित ने निर्देशित किया है। यह प्राइम वीडियो पर जल्द ही रिलीज होगी।

हॉलीवुड मसाला



# मास्टर्स ऑफ हॉरर से मिली थी पहचान

**लॉस एंजिल्स।** लोकप्रिय हॉरर टेलीविजन सीरीज में अपनी भूमिकाओं के लिए मशहूर कनाडाई अभिनेत्री कैरी ऐन फ्लेमिंग का 51 साल की उम्र में निधन हो गया है। कैरी एन फ्लेमिंग ने टेलीविजन सीरीज 'वाइपर'से अपने करियर की शुरुआत की। इसके बाद वो एडम सैंडलर की फिल्म 'हैप्पी गिलमोर' में भी दिखाई दीं। इस दौरान उन्होंने फिल्मों और टेलीविजन में छोटी, लेकिन यादगार भूमिकाएं निभाईं। साल 2005 में आई निर्देशक डारियो अर्जेंटो की एंथोलॉजी सीरीज 'मास्टर्स ऑफ हॉरर' से फ्लेमिंग को सफलता मिली।



# के-पॉप ग्रुप बीटीएस ने किया 'बीटीएस 2.0' का ऐलान...

**लॉस एंजिल्स।** दुनिया भर में मशहूर के-पॉप ग्रुप बीटीएस ने लंबे ब्रेक के बाद वापसी की है। उन्होंने नेटफ्लिक्स के कॉन्सर्ट स्पेशल 'बीटीएस द कमबैक लाइव एरिरंग' के दौरान अपने एक नए दौर की शुरुआत का ऐलान किया है। इसका नाम 'बीटीएस 2.0' है। बीटीएस 'एरिरंग वर्ल्ड टूर' पर निकलने के लिए तैयार है, जिसकी शुरुआत 9 अप्रैल को दक्षिण कोरिया के गोयांग से होगी। यह टूर अगले एक साल में 23 देशों के 34 शहरों का दौरा करेगा। इस टूर से इस ग्रुप की लोकप्रियता का अंदाजा लगाया जा सकता है। 2022 के बाद पहली बार शुक्रवार को सियोल के ग्वांगह्वामुन स्क्वायर में बीटीएस के कार्यक्रम को लाइव-स्ट्रीम किया गया। 2022 में सदस्यों ने अपनी अनिवार्य सैन्य सेवा पूरी करने के लिए इसे रोक दिया था। शो के दौरान फैंस को संबोधित करते हुए, सदस्य जे-होप ने कोरियाई भाषा में आभार व्यक्त किया।



# अल्लू संग साउथ फिल्म में की एंट्री...

**मुंबई।** साउथ स्टार अल्लू अर्जुन अपनी आगामी फिल्म पर काम कर रहे हैं, जिसका अस्थायी नाम 'एए22xए6' है। इस फिल्म का निर्देशन 'जवान' फिल्म के डायरेक्टर एटली कर रहे हैं। खबरों के मुताबिक, फिल्म में कई बड़े स्टार्स हैं, जिनमें दीपिका पादुकोण लीड रोल में हैं। अब नई खबरों के अनुसार, अनुष्का शर्मा भी इस साइंस फिक्शन फिल्म में नजर आएंगी। एक रिपोर्ट के अनुसार, बॉलीवुड की एक और बड़ी स्टार इस प्रोजेक्ट से जुड़ने वाली हैं। बताया जा रहा है कि वे फिल्म में शामिल होने के लिए बातचीत कर रही हैं और अगर यह सच साबित होता है, तो यह उनकी पहली तेलुगू फिल्म होगी। हालांकि, अभी तक इसकी कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। अनुष्का शर्मा आखिरी बार 2018 में शाहरुख खान और कटरीना कैफ के साथ आई फिल्म 'जीरो' में नजर आई थीं।



# एक बार फिर हॉरर का डोज देंगे अजय...

**मुंबई।** अजय देवगन इन दिनों अपनी आगामी फिल्मों 'दृश्यम 3' और 'गोलमाल 5' को लेकर सुर्खियों में हैं। इस बीच उनकी एक और आगामी फिल्म को लेकर दिलचस्प खबर सामने आई है। अजय देवगन एक बार फिर हॉरर की दुनिया में वापसी करने वाले हैं। अजय देवगन एक बार फिर हॉरर फिल्म में नजर आएंगे। इसके लिए उन्होंने 'सरदारजी' फ्रेंचाइजी के निर्देशक रोहित जुगराज के साथ हाथ मिलाया है। अजय देवगन भूत (2003) और काल (2005) जैसी हॉरर फिल्मों में दर्शकों का मनोरंजन कर चुके हैं। अब कथित तौर पर एक्टर एक बार फिर हॉरर मूवी में नजर आएंगे। रिपोर्ट के अनुसार, अजय देवगन ने हॉरर फिल्म के लिए रोहित जुगराज के साथ हाथ मिलाया है। फिलहाल मेकर्स इस प्रोजेक्ट के प्री-प्रोडक्शन में व्यस्त हैं।

टीवी मसाला



# शिव बने द 50 के विजेता ट्रॉफी के साथ जीते 50 लाख

**नई दिल्ली।** रियलिटी शो 'द 50' का समापन हो गया है। हफ्तों की कड़ी टक्कर और मनोरंजक एपिसोड के बाद इस शो को अपना विजेता मिल गया है। शुरुआत में इस शो में टेलीविजन, सोशल मीडिया और मनोरंजन जगत के 50 कंटेस्टेंट्स शामिल थे। इसके फाइनल एपिसोड तक पहुंचते-पहुंचते इसमें कुछ ही कंटेस्टेंट्स बचे थे। शिव ठाकरे इस शो के विजेता बने हैं। उन्होंने 50 लाख रुपए की राशि जीती है। शिव ठाकरे ने मिस्टर फैसु, काका, रजत दलाल और कृष्णा श्रॉफ के साथ मुकाबला करने के बाद ट्रॉफी जीती। फैंस ने सोशल मीडिया पर शिव को बधाई दी और उनकी जीत को पूरी तरह से सही बताया। इस जीत के साथ, उन्होंने एक बार फिर रियलिटी शो में अपनी जबरदस्त फैन फॉलोइंग और लोकप्रियता साबित कर दी। जीत के बारे में बात करते हुए, शिव ठाकरे ने कहा, 'यह 50 का अनुभव मेरे लिए बिल्कुल नया था। मैं शिव ठाकरे का एक अलग पहलू दिखाना चाहता था। एक ऐसा पहलू जो यह मानता है कि अपनी बात सुनाने के लिए आपको चिल्लाने या लड़ने की जरूरत नहीं है। आप पूरे दिल से खेल सकते हैं, खुद के प्रति सच्चे रह सकते हैं। फिर भी जीत सकते हैं। पहले सीजन का विजेता बनना, खासकर 50 मजबूत खिलाड़ियों के बीच, एक ऐसी बात है जिसे हमेशा याद रखा जाएगा। इससे मुझे बेहद खुशी मिली है।' रियलिटी शो 'द 50' की शुरुआत 50 प्रतियोगियों के साथ हुई।

## आसान रास्ता ढूंढ रहे होते हैं : राजीव



**मुंबई।** राजीव खंडेलवाल ने कई बार इंडस्ट्री में अपने कास्टिंग काउच के अनुभव शेयर किए हैं और कहा है कि ऐसी स्थितियां आम हैं, जहां ताकतवर लोग नए कलाकारों का शोषण करते हैं। अब एक नए इंटरव्यू में राजीव ने फिर से इंडस्ट्री में कास्टिंग काउच पर अपनी राय रखी है और कहा है कि उन्हें नहीं लगता कि अब भी कास्टिंग काउच में कमी आई है। मुझे महिलाओं से या नए कलाकारों से पूछना पड़ेगा कि क्या वे खुद को ज्यादा सुरक्षित महसूस करते हैं? क्या वे भी वही सब झेल रहे हैं जो हमने झेला, जब इंडस्ट्री ज्यादा छोटी और जुड़ी हुई थी, जहां कुछ बातों पर कोई चर्चा नहीं होती थी और लोग मानते थे कि यही इंडस्ट्री का नियम है? राजीव खंडेलावल ने कहा कि जब वे सुनते हैं कि कोई सालों तक हैरास हुआ, तो उनके मन में सवाल आता है, आप वहां सालों तक क्यों रहे? शायद आप भी आसान रास्ता ढूंढ रहे थे।

# गृह मंत्रालय से 10 वकीलों ने की नोरा का वर्क परमिट रद्द करने की मांग



**मुंबई।** कनाडा मूल की बॉलीवुड एक्ट्रेस नोरा फतेही की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। कन्नड़ फिल्म 'केडी डेविल' में उनके गाने 'सरके चुनर तेरी सरके' को लेकर खूब बवाल मचा हुआ है। इस गाने के हिंदी वर्जन में बेहद अश्लील बोल हैं, जिसको लेकर नोरा फतेही और संजय दत्त लोगों के निशाने पर हैं। अब खबर ये है कि यह मामला और बढ़ सकता है। रिपोर्ट के मुताबिक, 10 वकीलों के एक ग्रुप ने गृह मंत्रालय से संपर्क किया है और नोरा फतेही का वर्क परमिट रद्द करने की मांग की है। यही नहीं, इन वकीलों ने मांग की है कि नोरा फतेही को भारत से डिपोर्ट कर दिया जाए। यह सब ऐसे समय में भी हो रहा है, जब भारत सरकार ने 'सरके चुनर तेरी सरके' गाने को बैन कर दिया है। राष्ट्रीय महिला आयोग ने भी इस मुद्दे को गंभीरता से लिया है। जबकि गीतकार रकीब आलम ने डायरेक्टर को ठीकरा फोड़ा है। आरोप लगाया कि डायरेक्टर प्रेम ने कन्नड़ गीत का ही जबरन वर्ड-टू-वर्ड ट्रांसलेशन करवाया है। हालांकि, नोरा के खिलाफ यह कदम थोड़ा अजीब इसलिए भी है कि फिल्म के मेकर्स या इसी गाने में नजर आए संजय दत्त को लेकर उतना शोर नहीं है, जितना एक्ट्रेस को लेकर है। बहरहाल, अपनी याचिका में वकीलों ने आरोप लगाया है कि यह गाना 'बेहद अश्लील' है, यौन रूप से उत्तेजक है, और सार्वजनिक नैतिकता के साथ-साथ महिलाओं की गरिमा के लिए भी अपमानजनक है। उन्होंने आगे तर्क दिया कि नोरा फतेही ने इस तरह के कंटेंट से जुड़कर भारत में काम करने के अपने विशेषाधिकार का दुरुपयोग किया है। वकीलों ने याचिका में विदेशी अधिनियम, 1946 के प्रावधानों का भी हवाला दिया है। इससे पहले, ऑनलाइन ट्रोलिंग और आलोचनाओं के बीच नोरा फतेही ने भी बीते दिनों इस पर जवाब दिया था।

# मार्च के आखिरी वीक ओटीटी पर होगा मनोरंजन का धमाका



**मुंबई।** मार्च का महीना काफी खास रहा है। होली और ईद के त्योहार का जश्न मनाया गया। चैत्र नवरात्रि चल रही हैं। रणवीर सिंह की फिल्म 'धुरंधर 2' ने भी इसी महीने दस्तक दी, जिसकी वजह से सिनेमाघर गुलजार हैं। इस महीने ओटीटी पर भी कई खास फिल्में और सीरीज रिलीज हुईं। अब मार्च का आखिरी वीक सोमवार से शुरू हो चुका है।

**ओ रोमियो** : सिनेमाघरों के बाद शाहिद कपूर की ओ रोमियो फिल्म अब ओटीटी पर भी आ रही है। इसके निर्देशन की कमान विशाल भारद्वाज ने संभाली। ओ रोमियो एक डार्क रोमांटिक थ्रिलर फिल्म है। शाहिद कपूर के साथ तृप्ति डिमरी भी अहम भूमिका में हैं। इनके अलावा नाना पाटेकर, अविनाश तिवारी, दिशा पाटनी, फरीदा जलाल, तमन्ना भाटिया और विक्रांत मैसी भी फिल्म का हिस्सा हैं। यह फिल्म 27 मार्च से प्राइम वीडियो पर आएगी। हालांकि, गौर करने वाली बात ये है कि फिलहाल यह रेंट पर उपलब्ध होगी। प्राइम सब्सक्राइबर्स के लिए यह फिल्म अप्रैल के पहले या दूसरे वीक तक स्ट्रीम होने की उम्मीद है।

**कट्टान** : यह मिस्ट्री थ्रिलर सीरीज है। इसका निर्देशन एम. मणिकंदन ने किया है। सीरीज की कहानी एक छोटे से गांव में एक मर्डर मिस्ट्री पर आधारित है। सीरीज में विजय सेतुपति लीड रोल में हैं। उनके अलावा मिलिंद सोमन, सुदेव नायर, वीजे पार्वती भी इसका हिस्सा हैं। 27 मार्च से यह सीरीज जियो हॉटस्टार पर स्ट्रीम होगी।

**डिटेक्टिव होल** : अगर आपको क्राइम ड्रामा पसंद हैं तो इसे अपनी लिस्ट में शामिल कर सकते हैं। यह नॉर्वेजियन क्राइम ड्रामा एक परेशान जासूस की कहानी पर आधारित है, जिसे ओस्लो में हुई बेरहम हत्याओं की एक कड़ी की जांच करने का काम सौंपा जाता है। साथ ही वह अपने अंदर के संघर्षों से भी जूझ रहा होता है। उसकी जांच में एक भ्रष्ट सहकर्मी भी बाधा डालता है, जिसका उसे सामना करना पड़ता है। 'डिटेक्टिव होल' 26 मार्च से नेटफ्लिक्स पर उपलब्ध होगी।

**समथिंग वेरी बैड इज गोइंग टू हैपन** : यह अमेरिकी हॉरर सीरीज है। इसे स्ट्रेंजर थिंग्स के लिए मशहूर डफर ब्रदर्स ने बनाया है। छह एपिसोड की इस सीरीज में कैमिला मोरोन और एडम डिमार्को मुख्य भूमिका में हैं। 'समथिंग वेरी बैड इज गोइंग टू हैपन' 26 मार्च से नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी।

## 'राम तो हर युग जन्म लेते हैं, लेकिन लक्ष्मण केवल एक ही बार पैदा होते हैं'

# 24 घंटे में लिखी स्क्रिप्ट, फिर मनोज ने बनाई कालजयी फिल्म

*नई दिल्ली। भारत के दूसरे प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री से मुलाकात के बाद सुपर स्टार मनोज कुमार दिल्ली से मुंबई के लिए रवाना। उसके दिमाग में उथल-पुथल मची हुई थी। ऐसे में उसने ट्रेन में ही अपनी अगली फिल्म का फर्स्ट हाफ लिख लिया। कहानी भारत-पाकिस्तान युद्ध पर आधारित थी। मनोज कुमार यह फिल्म राजेश खन्ना को लेकर बनाना चाहते थे, लेकिन बात नहीं बनी। ऐसे में उन्होंने खुद ही फिल्म के डायरेक्शन की कमाल संभाली। आशा पारेख और प्राण को अहम भूमिकाओं के लिए साइन किया। फिर क्या था, ऐसी फिल्म बनकर तैयार हुई जिसने रिलीज होते ही तहलका मचा दिया। मूवी ने उस साल 7 फिल्मफेयर अवॉर्ड जीते। बेस्ट फीचर फिल्म का सेकंड नेशनल अवॉर्ड भी जीता।*

### 1967 में सिनेमाघरों में आई थी फिल्म

भारत-पाकिस्तान युद्ध की पृष्ठभूमि पर बॉलीवुड में कई फिल्में बनाई गई हैं। ऐसी ही एक फिल्म 1967 में सिनेमाघरों में आई थी। इस फिल्म का नाम 'उपकार' था, जिसका डायरेक्शन मनोज कुमार ने किया था। प्रोड्यूसर हरिकिशन आर. मिरचंदानी और आरएन गोस्वामी थी। मनोज कुमार को इस फिल्म को बनाने की प्रेरण तत्कालीन प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री से हुई मुलाकात से मिली थी। यह मुलाकात 'शहीद' फिल्म की स्क्रीनिंग के दौरान हुई थी। फिल्म किसान और जवान के योगदान को दिखाती है। शास्त्री ने ही मनोज कुमार को 'जय जवान-जय किसान' थीम पर फिल्म बनाने का सुझाव दिया था। शास्त्री से मुलाकात के बाद जब मनोज कुमार दिल्ली से मुंबई वापस लौट रहे थे तो उन्होंने फिल्म का फर्स्ट हाफ लिख लिया था।




### कसमें वादे प्यार वफा सब

'कसमें वादे प्यार वफा सब..' से एक और दिलचस्प किस्सा जुड़ा हुआ है। जब मनोज कुमार ने इस गाने को प्राण पर फिल्माने के बारे में बताया तो फिल्म के म्यूजिक डायरेक्टर कल्याण जी - आनंद जी नाखुश हो गए। उन्होंने सोचा कि मनोज इतने अच्छे गाने को विलेन पर फिल्मा रहे हैं, लेकिन यह गाना मैसिव हिट रहा और प्राण की इमेज भी इसी गाने ने बदल दी।

### कल्याण जी - आनंद जी का था म्यूजिक

वैसे तो मनोज कुमार यह फिल्म राजेश खन्ना के साथ बनाना चाहते थे, लेकिन बात नहीं बनी। राजेश खन्ना ने ऑल इंडिया टैलेंट कॉन्टेस्ट जीत लिया था, ऐसे में वो फिल्म से पीछे हट गए। बाद में उनका रोल प्रेम चोपड़ा को दिया गया। फिल्म में आशा पारेख, प्रेम चोपड़ा, प्राण, कामिनी कौशल और मदन पुरी की भूमिकाएं बेहद खास थीं। म्यूजिक कल्याण जी - आनंद जी का था। फिल्म के गाने कमर जलालाबादी, इंदीवर, गुलशन बावरा और प्रेम धवन ने लिखे थे। फिल्म का देशभक्ति से ओत-प्रोत गाना 'मेरे देश की धरती सोना उगले उगले हीरे-मोती' गुलशन बावरा ने लिखा था। यह कालजयी गाना आज भी हमें 26 जनवरी और 15 अगस्त को पूरे देश में सुनने को मिलता है।

### फिल्म ब्लॉकबस्टर साबित हुई

'उपकार' मूवी ने रिलीज होते ही तहलका मचा दिया। यह 1967 की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बनी। 1.4 करोड़ के बजट में बनी इस फिल्म ने करीब 3.5 करोड़ का नेट कलेक्शन किया था। फिल्म ब्लॉकबस्टर साबित हुई। उपकार को 7 फिल्मफेयर अवॉर्ड मिले थे।

### बतौर डायरेक्टर मनोज की पहली फिल्म थी

*बतौर डायरेक्टर यह मनोज कुमार की पहली फिल्म थी। यह फिल्म प्राण के कॅरियर के लिए टर्निंग प्वॉइंट साबित हुई. उन्होंने पहली बार सकारात्मक भूमिका निभाई थी। 'मलंग चाचा' का कालजयी किरदार प्राण ने ही निभाया था। 'कसमें वादे प्यार वफा सब, बातें हैं बातों का क्या' जैसा एवरग्रीन सैड सॉन्ग उन पर फिल्माया गया था। गाने के बोल दिल को चीर देने वाले थे। उनका डायलॉग 'राम तो हर युग जन्म लेते हैं, लेकिन लक्ष्मण केवल एक ही बार पैदा होते हैं' कितना फेमस हुआ, आप सबको पता है। उनका इसी फिल्म का एक और डायलॉग 'राशन पर भाषण बहुत हैं, लेकिन भाषण पर राशन कोई नहीं' आज भी फेमस है।*

## खबर संक्षेप

### समय-सीमा की हुई महत्वपूर्ण बैठक

**मनेन्द्रगढ़।** कलेक्टर डी. राहुल वेंकट की अध्यक्षता में मंगलवार को आयोजित समय-सीमा की महत्वपूर्ण बैठक में प्रशासनिक सख्ती और विकास के प्रति प्रतिबद्धता साफ तौर पर नजर आई। बैठक में जिले के सभी विभागों के कार्यों, लंबित प्रकरणों और आगामी योजनाओं की गहन समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने स्पष्ट संदेश दिया कि लापरवाही अब बर्दाश्त नहीं होगी, हर कार्य तय समय-सीमा में पूरा होना चाहिए। बैठक की शुरूआत उच्च न्यायालय से संबंधित लंबित प्रकरणों की समीक्षा से हुई, जहां कलेक्टर ने एसडीएम, बीईओ और जनपद सीईओ को इन मामलों का प्राथमिकता से निराकरण करने के सख्त निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि न्यायालयीन मामलों में देरी प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े करती है, इसलिए इसमें किसी भी स्तर पर ढिलाई स्वीकार नहीं होगी।

### कलेक्टर ने आमजन की सुनी समस्याएं

**मनेन्द्रगढ़।** कलेक्टर डी. राहुल वेंकट के निर्देशन में कलेक्ट्रेट कार्यालय में आयोजित जनदर्शन कार्यक्रम में अपर कलेक्टर अनिल कुमार सिदार ने जिले के विभिन्न ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों से पहुंचे नागरिकों की समस्याएं गंभीरता से सुनीं। जनदर्शन में आमजन ने अपनी व्यक्तिगत और सार्वजनिक समस्याओं से जुड़े आवेदन प्रशासन के समक्ष प्रस्तुत किए, जिस पर त्वरित कार्रवाई का भरोसा दिलाया गया। जनदर्शन में कुल 36 आवेदन प्राप्त हुए।

### पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए आवेदन 27 तक

**बैकुण्ठपुर।** आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त ने जिले में संचालित समस्त शासकीय एवं अशासकीय महाविद्यालय, शिक्षा महाविद्यालय, डाईट, आईटीआई, पॉलिटेक्निक आदि के प्राचार्य, संस्था प्रमुख, छात्रवृत्ति प्रभारी एवं अध्ययनरत अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्याथियों जो विभाग द्वारा संचालित पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति की पात्रता रखते है संस्था के प्राचार्य एवं प्रमुखों को सूचित करते हुए कहा कि शिक्षा सत्र 2025-26 के लिए ऑनलाईन पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के कक्षा 12 वीं से उच्चतर के पंजीयन, स्वीकृति एवं वितरण की कार्रवाई पर आनलाईन आवेदन पत्र भरा जाना है। उन्होंने बताया कि छात्रवृति के लिए विद्यार्थी नवीन एवं नवीनीकरण ऑनलाइन आवेदन करने की तिथि 27 मार्च तक, ड्राफ्ट प्रोपोजल लॉक करने के लिए 29 मार्च तक एवं सेंक्शन ऑडर लॉक करने 30 मार्च तक निर्धारित है।

### अध्यक्ष दीपक बैज विभिन्न बैठकों में करेंगे शिरकत

**सूरजपुर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज जशपुर व सरगुजा जिले के उपरांत 24 मार्च जिले के तीनों विधानसभाओं में पंचायत व बूथ कमेटी तक पहुंचेंगे। जिला कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष शशि सिंह के नेतृत्व में जिले में व्यापक तैयारियां की जा रही है। 24 मार्च को अंबिकापुर से सूरजपुर जिले में श्री बैज कल्याणपुर, पंपापुर व प्रतापपुर होते हुए प्रतापपुर विधानसभा के खोरमा में बूथ व पंचायत कमेटियों की बैठक में शिरकत करेंगे। इसके उपरांत जरही, भटगांव व बतरा होते हुए भटगांव विधानसभा के बरपारा में आयोजित बैठक में शामिल होंगे।

कार्यालय तहसीलदार बैकुण्ठपुर जिला कोरिया (छ.ग.)

**ईश्तहार**

ई- कोड क्र........../ब-121/2026

आवेदक शंकर कुमार मरिक आ. स्व. राम चन्द्र मरिक निवासी ग्राम जमनीपारा सरडी थाना चरचा एवं तहसील बैकुण्ठपुर जिला कोरिया (छ.ग.) के द्वारा आवेदन पत्र पेश किया है कि केन्द्र सरकार के अन्तर्गत लोक पदों एवं सेवाओं में नियुक्ति हेतु/ शैक्षणिक संस्थाओं में प्रवेश प्राप्त करने हेतु आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए आय एवं सम्पत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने हेतु अपने पुत्र हर्ष कुमार मरिक के लिए आवेदन पत्र प्रारूप पेश किया है। आवेदक ने आवेदन पत्र के साथ आधार कार्ड, अंकसूची, निवास, आय प्रमाण पत्र, राशन कार्ड की छायाप्रति संलग्न कर पेश किया है।

उक्त संबंध में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो वे दिनांक 07/04/2026 तक स्वयं या अपने प्रतिनिधि अथवा अभिभावक के द्वारा इस न्यायालय में आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत दिनांक के पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार विमर्श नहीं किया जावेगा।

तहसीलदार
बैकुण्ठपुर जिला कोरिया (छ.ग.)

## जनगणना 2027 की तैयारियों पर जोर

# कलेक्टर ने ली साप्ताहिक समय-सीमा की समीक्षा बैठक

हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर



बैठक लेती कलेक्टर

जिला कलेक्टरेट सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक समय-सीमा बैठक में कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने विभिन्न विभागीय कार्यों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने जनगणना 2027 की तैयारियों की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने निर्देशित किया कि जनगणना कार्य के लिए फील्ड लेवल अधिकारियों, सुपरवाइजर एवं प्रगणकों की आवश्यक संख्या शीघ्र तैयार कर प्रस्तुत की जाए।

उन्होंने बताया कि इस कार्य में मुख्य रूप से शिक्षा विभाग के प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालय के शिक्षकों की ड्यूटी लगाई जाएगी। कलेक्टर ने प्रशिक्षण कार्यक्रमों की जानकारी लेते हुए कहा कि जनगणना एक महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य है, जिसे शासन के नियमों के तहत गंभीरता से पूर्ण किया जाए। कलेक्टर ने राजस्व पखवाड़ा के बारे में शासन से प्राप्त दिशा-निर्देश के बारे अधिकारियों को अवगत कराया तथा एसडीएम, जनपद सीईओ को तैयारी करने और वृहद स्तर पर प्रचार करने के निर्देश भी दिए। बैठक में अपार आईडी निर्माण की प्रगति की समीक्षा की गई। कलेक्टर ने जन्म प्रमाण पत्र निर्माण की स्थिति पर भी जानकारी लेते हुए सभी अनुविभागीय अधिकारियों को लक्ष्य शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया कि जिन बच्चों के जन्म प्रमाण पत्र बन चुके हैं, उनके आधार कार्ड निर्माण की प्रक्रिया तत्काल शुरू की जाए।

इसके साथ ही जाति प्रमाण पत्र निर्माण की प्रगति की भी समीक्षा की गई। कलेक्टर ने पशुधन विकास विभाग के अधिकारी को पशुओं के टीकाकरण कार्यो में तेजी लाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने सुदूर क्षेत्रों में राशन वितरण की स्थिति की जानकारी लेते हुए तहसीलदारों को नियमित मॉनिटरिंग के निर्देश दिए। बैठक में आश्रम छात्रावासों, स्कूल, आंगनबाड़ी केन्द्रों और स्वास्थ्य केन्द्रों के निरीक्षण की स्थिति पर भी चर्चा की गई तथा अधिकारियों को नियमित निरीक्षण करने के निर्देश दिए गए। जिला पंचायत सीईओ ने सभी विभागीय अधिकारियों से कहा कि नीति आयोग द्वारा बैकुंठपुर को आकांक्षी ब्लॉक में शामिल किया गया है। आकांक्षी ब्लॉक के तहत छह बिंदुओं पर किए जा रहे कार्यो की समीक्षा करते हुए जिला पंचायत डॉ.आशुतोष चतुर्वेदी ने महिला एवं बाल विकास, पशुपालन, कृषि, स्वास्थ, एनआरएलएम आदि विभागों के अधिकारी को तेजी से कार्य करने के निर्देश दिए, इसके अलावा विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन, कलेक्टर जनदर्शन, जन चौपाल, जन शिकायत एवं पीजी पोर्टल पर प्राप्त मामलों की भी विस्तृत समीक्षा की गई।



# भारत स्काउट्स एवं गाइड्स की 40 सदस्यीय टीम पंचमढ़ी के लिए रवाना

हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर

भारत स्काउट्स एवं गाइड्स कोरिया की 40 सदस्यीय टीम राज्य स्तरीय साहसिक शिविर में भाग लेने के लिए पचमढ़ी के लिए रवाना हुई। यह शिविर 25 से 29 मार्च तक राष्टीय साहसिक संस्थान में आयोजित किया जा रहा है।

यह दल राज्य मुख्य आयुक्त इंद्रजीत सिंह खालसा के निर्देशानुसार तथा जिला शिक्षा अधिकारी एवं पदेन जिला आयुक्त स्काउट विनोद कुमार राय के आदेश पर, जिला संगठन आयुक्त नागेश्वर साहू के नेतृत्व में रवाना हुआ। दल में स्काउटर रवि प्रसाद बैगा, गाइडर एग्नेश आनंद दास एवं भानुप्रिया भास्कर के साथ 18 स्काउट और 18 गाइड शामिल हैं। शिविर के दौरान प्रतिभागियों को राजेन्द्र गिरी पर्वत, जटाशंकर, बायसन लॉज, पांडव गुफा कैंप और बी फॉल जैसे स्थलों पर ट्रैकिंग कराई जाएगी। साथ ही रॉक क्लाइंबिंग, आर्चरी, राइफल शूटिंग, हॉर्स राइडिंग, स्काई साइकिलिंग, रेपलिंग, टायर वॉल, रशियन वॉल एवं विभिन्न ब्रिज क्रॉसिंग जैसी साहसिक गतिविधियों में भी भाग लेने का अवसर मिलेगा। इस प्रशिक्षण के माध्यम से प्रतिभागियों में नेतृत्व क्षमता, टीम वर्क, आत्मनिर्भरता और कठिन परिस्थितियों में निर्णय लेने की क्षमता विकसित की जाएगी। दल में जिले के विभिन्न विद्यालयों से स्काउट एवं गाइड शामिल हैं, जो इस शिविर में अपने कौशल का प्रदर्शन करेंगे। शिविर में शामिल होने वाले सभी प्रतिभागियों को कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी, जिला पंचायत सीईओ डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी, जिला मुख्य आयुक्त देवेन्द्र तिवारी, जिला शिक्षा अधिकारी विनोद कुमार राय, जिला खेल अधिकारी जितेन्द्र कुमार गुप्ता सहित जिला संघ के पदाधिकारियों, प्राचार्यों, स्काउटर-गाइडर एवं अभिभावकों ने शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।

# योग साधकों को उज्जैन में मिली राष्ट्रीय स्तर की पहचान

हरिभूमि न्यूज. मनेन्द्रगढ़



मध्यप्रदेश के उज्जैन में आयोजित हास्य योग प्रशिक्षण शिविर में मनेन्द्रगढ़ के योग साधकों ने उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। 19 से 22 मार्च तक आयोजित इस विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम में देशभर से आए योग प्रेमियों को प्रशिक्षित किया गया, इसमें मनेन्द्रगढ़ की भागीदारी खास रही।

इस शिविर में हास्य योग सेवा समिति मनेन्द्रगढ़ के अध्यक्ष जसवीर सिंह कालरा सहित चार अन्य सदस्यों ने भाग लिया। प्रशिक्षण के उपरांत योग के राष्टीय गुरू जितेन्द्र कोही द्वारा सभी प्रतिभागियों की परीक्षा ली गई, जिसमें सफल होने पर उन्हें योग शिक्षक के रूप में प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। मनेन्द्रगढ़ से शामिल प्रतिभागियों में समिति के अध्यक्ष सरदार जसवीर सिंह कालरा, उपाध्यक्ष राकेश अग्रवाल, सचिव आरपी त्रिपाठी, सदस्य जुगल किशोर केसरवानी तथा शुभांकर चक्रवर्ती शामिल रहे। इन सभी को प्रशिक्षण देकर योग शिक्षक के रूप में नियुक्त किया गया, जो क्षेत्र के लिए गौरव का विषय है। कार्यक्रम के दौरान गुरू जितेन्द्र कोही ने हंसता भारत, स्वस्थ भारत के उद्देश्य को आगे बढ़ाने पर जोर देते हुए नवनियुक्त शिक्षकों से आह्वान किया कि वे समाज में हास्य योग को बढ़ावा दें और अधिक से अधिक लोगों को इससे जोड़ें। उल्लेखनीय है कि हास्य योग सेवा समिति देशभर में स्वास्थ्य जागरूकता और सकारात्मक जीवनशैली को बढ़ावा देने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। मनेन्द्रगढ़ के इन योग साधकों की उपलब्धि न केवल क्षेत्र का मान बढ़ाती है, बल्कि आने वाले समय में स्वास्थ्य और खुशहाली के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

### वर्षों से कार्यरत 32 कोल कर्मचारियों का प्रमोशन

**बिश्रामपुर।** रेहर भूमिगत खदान में वर्षों से मेहनत कर रहे दैनिक वेतनभोगी कोल कर्मचारियों के लिए राहत भरी खबर है, एसईसीएल प्रबंधन ने 32 कोल कर्मचारियों के लिए पदोन्नति आदेश जारी किया गया है। 22 मार्च को जारी हुए निर्णय एनसीडब्ल्यूए-11 की कंडिका 2.11.1 के तहत लिया गया है, जिसके अनुसार लंबे समय से एक ही पद श्रेणी में कार्यरत कर्मचारियों को निर्धारित अवधि के बाद पदोन्नति का लाभ दिया जाता है। रेहर, गायत्री और केतकी सहक्षेत्र में कार्यरत ये सभी कोल कर्मचारी पिछले 7-8 वर्षों से भूमिगत और सरफेस दोनों क्षेत्रों में लगातार सेवाएं दे रहे थे।जारी आदेश के अनुसार सभी कर्मचारियों की पदोन्नति 1 जनवरी 2026 से प्रभावी मानी गई है,इसमें ड्रिलर, बीसीएम, सपोर्ट मिस्त्री, जनरल असिस्टेंट, इलेक्ट्रिकल हेल्पर, मैकेनिकल हेल्पर और सर्वे मजदूर जैसे विभिन्न पदों पर कार्यरत कर्मियों को अगली श्रेणी में उन्नयन दिया गया है,जारी हुई सूची में क्रमशः विजय कुमार, रामनाथ, जीवन लाल, कृपाल सिंह, बसंत लाल, पुनीराम, मुन्शी, कौशल, बजरंग, और अन्य कर्मचारीयों के नाम शामिल हैं।

# ट्रैफिक व्यवस्था पर सख्त फैसला: सुबह 9 से रात 9 बजे तक भारी वाहनों की एंट्री बंद

हरिभूमि न्यूज. मनेन्द्रगढ़



शहर में लगातार बढ़ते यातायात दबाव और जाम की समस्या को देखते हुए प्रशासन ने बड़ा और सख्त कदम उठाया है। अनुविभागीय दंडाधिकारी मनेन्द्रगढ़ द्वारा मोटरयान अधिनियम 1988 की धारा 115 के तहत आदेश जारी कर नगर के भीड़-भाड़ वाले क्षेत्रों में दिन के समय सभी प्रकार के भारी एवं मालवाहक वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। यह आदेश 23 मार्च से तत्काल प्रभाव से लागू कर दिया गया है।

प्रशासन के अनुसार शहर के घनी आबादी वाले इलाकों, प्रमुख बाजारों, रेलवे स्टेशन और बस स्टैंड के आसपास लगातार ट्रैफिक दबाव बढ़ रहा था। खासतौर पर गोदामों में लोडिंग-अनलोडिंग के दौरान भारी वाहनों की आवाजाही से पीक आवर्स में जाम की स्थिति बन जाती थी, इससे आमजन को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता था और जनसुरक्षा भी प्रभावित हो रही थी। इसी को ध्यान में रखते हुए यह निर्णय लिया गया है।

### इन मार्गों और क्षेत्रों में रहेगा सख्त प्रतिबंध-

जारी आदेश के अनुसार सुबह 9 से रात्रि 9 बजे तक पीडब्ल्यूडी चौक से भगत सिंह चौक, हजारी चौक, छोटा सांई मंदिर चौक होते हुए खेड़िया तिराहा तक, जोड़ा तालाब सब्जी मार्केट और शहर के मेन मार्केट क्षेत्र में भारी वाहनों का प्रवेश पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा, इसके अलावा खेड़िया तिराहा (जेकेडी रोड) से शहर की ओर आने वाला मार्ग, पीडब्ल्यूडी चौक से शहर प्रवेश मार्ग, हसदेव इन होटल के पास से शहर की ओर जाने वाला रास्ता, खाटू श्याम मंदिर रेलवे ओवरब्रिज से शहर प्रवेश मार्ग तथा बस स्टैंड डॉ. नियोगी पुलिया क्षेत्र से शहर की ओर आने वाले मार्गों पर भी यह प्रतिबंध लागू रहेगा। इस प्रतिबंध से एम्बुलेंस, स्कूल बस, नगर पालिका के वाहन, स्वच्छता कार्य में लगे वाहन तथा अन्य आपातकालीन सेवाओं को पूरी तरह छूट दी गई है, ताकि आवश्यक सेवाएं प्रभावित न हों और आमजन को किसी प्रकार की असुविधा न हो। आदेश में यह भी स्पष्ट किया गया है कि प्रतिबंधित समय के दौरान बाहरी क्षेत्रों से आने वाले ट्रक और ट्रेलर राष्टीय राजमार्ग-43 या उससे जुड़े संपर्क मार्गों पर किसी भी स्थिति में खड़े नहीं किए जा सकेंगे, इससे हाईवे पर जाम की स्थिति को रोकने में मदद मिलेगी। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि आदेश का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों और संबंधित व्यक्तियों के खिलाफ मोटरयान अधिनियम, 1988 एवं अन्य प्रचलित कानूनी प्रावधानों के तहत कड़ी दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टर की अनुमति से जारी यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू कर दिया गया है।

# डॉ. आंबेडकर जयंती को लेकर बैठक



हरिभूमि न्यूज. सोनहत

ग्राम खुटरापारा स्थित रविदास भवन में आगामी 14 अप्रैल को डॉ. भीमराव अम्बेडकर जयंती को धूमधाम से मनाने के लिए बैठक आयोजित की गई।

बैठक में समाज से जुड़े लोगों एवं क्षेत्रवासियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। बैठक का आयोजन ग्राम पंचायत सोनहत के प्रतिनिधि दिनेश सिंह के आतिथ्य में एवं अध्यक्ष रविदास जन कल्याण समिति महेन्द्र सोनवानी के नेतृत्व में किया गया। इस दौरान जयंती समारोह को मनाने के लिए विभिन्न प्रस्ताव पारित किए गए। बैठक में मुख्य अतिथि सहित रविदास जन कल्याण समिति के संजय चौधरी, कोषाध्यक्ष अरविंद कुमार सोनवानी, सचिव विद्या सोनवानी, उपाध्यक्ष जनक राम चौधरी, उप कोषाध्यक्ष शैलेश सोनवानी निगरानी समिति प्रमुख, सदस्य केवला प्रसाद, विनोद कन्नौजिया, गोरेलाल, आयोजन प्रमुख विश्वनाथ सोनवानी, आयोजन संयोजक शिवनाथ सोनवानी एवं लखन सोनवानी, कार्यक्रम संचालक संत कुमार सोनवानी, सीताराम, दिलीप, नीरेश सोनवानी सहित काफी संख्या में रविदास समाज के सदस्य उपस्थित रहे। बैठक में निर्णय लिया गया कि 14 अप्रैल को जयंती के अवसर पर विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम, शोभायात्रा एवं सामाजिक जागरूकता से जुड़े आयोजन किए जाएंगे, ताकि डॉ. भीमराव आंबेडकर के विचारों को जन-जन तक पहुंचाया जा सके।

# शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय में व्याख्यान माला का आयोजन

हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर



शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय में 19 मार्च को मेमोरेण्डम ऑफ अंडरस्टैंडिंग के अंतर्गत शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज बैकुंठपुर में व्याख्यान माला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम प्राचार्य डॉ. रंजना नीलिमा कच्छप के मार्गदर्शन एवं आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के संयोजक भारत सिंह के संयोजन में संपन्न हुआ। इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. ऋचा श्रीवास्तव ने स्ट्रक्चर ऑफ एटम विषय पर व्याख्यान देते हुए परमाणु, अणु एवं रासायनिक संरचना की विस्तृत जानकारी दी। वहीं चंदन सिंह पटेल ने कैरियर इन फिजिकल एजुकेशन एंड स्पोर्ट्स विषय पर विद्यार्थियों को खेल के क्षेत्र में संभावनाओं और कैरियर निर्माण के विभिन्न पहलुओं से अवगत कराया। यह व्याख्यान माला के अंतर्गत आयोजित की गई थी, जिससे दोनों शासकीय संस्थानों के छात्र-छात्राओं एवं फैकल्टी को लाभ प्राप्त हुआ। कार्यक्रम के सफल आयोजन में शासकीय पॉलिटेक्निक के प्राचार्य मोनेश गजेन्द्र एवं रसायन के व्याख्याता डॉ.एचसी पाण्डेय का विशेष सहयोग रहा।


# संजय वन वाटिका के अस्तित्व पर गहराया संकट

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर



आवारा कुत्तों के हमले में 24 घंटे के भीतर 15 हिरणों की मौत होने के बाद संजय वन वाटिका का अस्तित्व खतरे में पड़ गया है। एक साथ 15 हिरणों की मौत को लेकर शासन भी गंभीर हो गया है तथा मुख्यवन संरक्षक (सामान्य) एवं मुख्य वन सरंक्षक वाइल्ड लाइफ के नेतृत्व में अलग-अलग दो उच्च स्तरीय जांच समिति गठित कर मामले की जांच करने का निर्देश दिया है।

सरगुजा वनमण्डलाधिकारी अभिषेक जोगावत द्वारा फॉरेस्ट एसडीओ के नेतृत्व में गठित जांच समिति ने अपनी रिपोर्ट दे दी है। जांच रिपोर्ट में वाटिका की देखरेख के लिए तैनात वनकर्मियों एवं वन प्रबंधन समिति के सदस्यों की लापरवाही को हादसे का मुख्य कारण माना गया है। जांच रिपोर्ट मिलने के बाद विभाग ने वन प्रबंधन समिति शंकरघाट को वाटिका के संचालन से पृथक कर दिया है। वन प्रबंधन समिति वर्ष 2000 से वाटिका का संचालन करने के साथ ही वन्यजीवों एवं पक्षियों की देखरेख कर रही थी। समिति के लगभग 15 सदस्य अल्प मानदेय से अपनी रोजीरोटी चला रहे थे। समिति को वाटिका संचालन कार्य से पृथक करने के बाद निकट भविष्य में इसका संचालन शुरू हो सकेगा इसकी संभावना कम ही है। घटना के बाद वन अधिकारियों ने वाटिका परिसर को सेनिटाइज करने के उद्देश्य आगामी तीन दिनों तक बंद रखने की घोषणा की थी लेकिन समिति को पृथक करने के बाद अब इसके अस्तित्व एवं नियमित संचालन पर प्रश्न चिन्ह खड़ा हो गया है। संजय वन वाटिका में सेंट्रल जू अथॉरिटी की मान्यता के बिना रेस्क्यू सेंटर संचालित करने का खुलासा होने के बाद विभाग के अधिकारी एक नए संकट से घिर गए हैं तथा इसके कानूनी पक्षों पर विचार-विमर्श कर रहे हैं। भविष्य में संजय वन वाटिका में रेस्क्यू सेंटर संचालित होगा या नहीं यह भी फिलहाल स्पष्ट नहीं है।



कैलाश मानसरोवर यात्रा
12 मई, 25 मई, 11 जून, 11 जुलाई, 10 अगस्त,08 सितम्बर, 20 सितम्बर 2026
सुविधा:- 3 स्टार होटल, टूर गाईड, बस, फुड (ब्रेकफास्ट एंड डिनर), काठमांडू (पशुपतिनाथ)
नोट:- काठमांडू तक की फ्लाईट टिकट या ट्रेन टिकट का चार्ज एक्सट्रा रहेगा।
सड़क मार्ग Ex-काठमांडू (13 दिन) 2,20000/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

## पृष्ठ 1 का शेष

### पगडंडी से विकास ...

करीब डेढ़ किमी पैदल चलकर साधुगड़ा नामक स्थल पर पहुंचीं, जहां पहाड़ से बहते शीतल तुर्रा पानी को देखा और अपने हाथों से जल ग्रहण किया। प्रकृति की इस अनुपम धरोहर से प्रभावित होकर उन्होंने कहा कि प्रकृति ने हमें बहुत कुछ दिया है, जरूरत है तो बस उसे सहेजने और संरक्षित रखने की। ग्रामीणों ने बताया कि यह जलधारा गर्मी के मौसम में भी निरंतर बहती रहती है और स्थानीय लोगों के लिए जीवनदायिनी बनी हुई है। कलेक्टर ने जल संरक्षण की दिशा में जनभागीदारी के तहत बनाए जा रहे 5 प्रतिशत मॉडल को देखने खेतों में पहुंची। उन्होंने ग्रामीणों से कहा यह 5 प्रतिशत मॉडल निश्चित ही भू-जल स्तर को बढ़ाने में मददगार साबित होगी। उन्होंने ग्रामीणों से अपील करते हुए कहा कि मोर गांव मोर पानी अभियान से हम अपने खेतों, बाड़ियों, घर के समीप सोख्ता गड्ढे जरूर बनाएं ताकि घर से निकलने वाले व बारिश पानी की जमीन के भीतर जाए, जिससे वॉटर रिचार्ज हो सके। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी, एसडीएम अंशुल वर्मा, जनपद सीईओ सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
◆ हड्डी एवं जोडों का दर्द ◆ नसों का रोग
◆ त्वचा एवं बालों का रोग ◆ स्त्री रोग ◆ मानसिक रोग
◆ मूत्र संबंधी रोग ◆ मधुमेह (डायबिटीज़) ◆ नेत्र रोग
◆ किडनी संबंधी रोग ◆ पेट संबंधी विकार ◆ थायराइड
◆ अस्थमा ◆ मोटापा ◆ मांसपेशी का रोग
◆ मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त